932 **825(BU)**

# 2019
# सामाजिक विज्ञान

**केवल प्रश्नपत्र**

**(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश** – प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश :**

(i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों "क" एवं "ख" में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के **सभी** प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

VERTEXAL



(iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं – बहुविकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व विस्तृत-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं।

(iv) **"क"** तथा **"ख"** खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

(v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड "क"** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड "ख"** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।

## खण्ड – "क"
### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना कब हुई थी ? 1

   (क) 1505 AD (ख) 1600 AD
   (ग) 1602 AD (घ) 1644 AD

2. रानी अवन्ती बाई, जिन्होंने अंग्रेजों से सन् 1857 में युद्ध किया था, शासिका थीं 1

   (क) बैरकपुर की (ख) आरा की
   (ग) जगदीशपुर की (घ) रामगढ़ की

3. ब्रह्म समाज विरोधी था 1

   (क) बाल विवाह का (ख) स्त्री शिक्षा का
   (ग) पश्चिमी शिक्षा का (घ) विधवा पुनर्विवाह का

4. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का पहला शिखर सम्मेलन कहाँ हुआ था ? 1

   (क) नई दिल्ली (ख) कोलम्बो
   (ग) बेलग्रेड (घ) काठमाण्डू

5. शिमला समझौता किस वर्ष हुआ था ? 1

(क) 1965 ई. (ख) 1972 ई.

(ग) 1998 ई. (घ) 2001 ई.

6. संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट संस्था खाद्य और कृषि संगठन का मुख्यालय कहाँ है ? 1

(क) जिनेवा (ख) पेरिस

(ग) रोम (घ) न्यूयॉर्क

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

7. फ्रांस में 'बास्तील' की घटना कब हुई थी ? इसका क्या महत्त्व है ? 1 + 1

8. प्रधानमंत्री पद के लिये न्यूनतम आयु क्या होनी चाहिए ? संविधान के अनुसार क्या उसको लोकसभा का सदस्य होना अनिवार्य है ? 1 + 1

9. गुट-निरपेक्षता और तटस्थता का अन्तर समझाइए । एक उदाहरण दीजिए । 1 + 1

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. असहयोग आन्दोलन क्यों प्रारम्भ किया गया ? उसका मुख्य कार्यक्रम क्या था ? 1 + 2

**अथवा**

श्रीमती एनी बेसेन्ट कौन थीं ? उन्होंने भारत के लिये कौन से कार्य किए ? 1 + 2



11. भारत की विदेश नीति के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए । 1 + 1 + 1

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना क्यों हुई ? उसके प्रमुख अंगों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 1 + 2

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12. "बड़े-बड़े प्रश्न भाषणों और संसदीय मतों द्वारा नहीं बल्कि 'रक्त और लौह' की नीति से हल होते हैं ।" इस कथन के आलोक में जर्मनी के एकीकरण हेतु किये गये बिस्मार्क की किन्हीं तीन उपलब्धियों का वर्णन कीजिये । 2 + 2 + 2

**अथवा**

द्वितीय महायुद्ध का तात्कालिक कारण क्या था ? इस युद्ध में जर्मनी का साथ किन दो बड़े राष्ट्रों ने दिया था ? संयुक्त राष्ट्र अमेरिका इस युद्ध में क्यों शामिल हुआ ? 2 + 2 + 2

13. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाने की क्या प्रक्रिया है ? इसके तीन मुख्य सोपानों का वर्णन कीजिए :

(i) प्रक्रिया का प्रारंभ (ii) मतदान का स्वरूप और (iii) अन्तिम निर्णय 2 + 2 + 2

**अथवा**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये संविधान द्वारा किन योग्यताओं का प्रावधान किया गया है ? इसके प्रारम्भिक क्षेत्र में किस प्रकार के विवाद आते हैं ? 3 + 3



VERTEXAL

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

**निर्देश :** भारत के रेखाचित्र में निम्नलिखित स्थानों को ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है ।

14. (i) वह नगर जहाँ सूर्य मन्दिर स्थित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$
    (ii) वह नगर जो पहले पाटलीपुत्र के नाम से जाना जाता था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$
    (iii) वह नगर जहाँ नाना साहब ने अंग्रेजों को पराजित किया था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$
    (iv) वह नगर जहाँ 10 मई, 1857 को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम प्रारम्भ हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$
    (v) वह नगर जहाँ 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये । मानचित्र का प्रयोग न कीजिये ।

14. (i) सूर्य मन्दिर किस नगर में स्थित है ? 1
    (ii) पाटलीपुत्र का आधुनिक नाम क्या है ? 1
    (iii) नाना साहब ने अंग्रेजों को किस नगर में पराजित किया था ? 1
    (iv) 10 मई, 1857 को भारत का स्वतंत्रता संग्राम किस नगर से प्रारम्भ हुआ था ? 1
    (v) भारत छोड़ो प्रस्ताव किस नगर में पारित हुआ था ? 1

## खण्ड – "ख"

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. नीलगिरि पर्वत स्थित है – 1
    (क) उत्तरी भारत में (ख) पूर्वी भारत में
    (ग) दक्षिणी भारत में (घ) पश्चिमी भारत में



16. निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र भूस्खलन से अधिक प्रभावित होता है ? 1
    (क) समुद्र तटीय क्षेत्र (ख) मैदानी क्षेत्र
    (ग) पठारी क्षेत्र (घ) पर्वतीय क्षेत्र

17. निम्न में से कौन सा विकसित देश है ? 1
    (क) चिली (ख) दक्षिणी कोरिया
    (ग) अर्जेन्टीना (घ) नीदरलैण्ड

18. बॉक्साइट अयस्क है – 1
    (क) जस्ता का (ख) ताँबा का
    (ग) एल्युमिनियम का (घ) सीसा का

19. सब्जी का बाजार है – 1
    (क) स्थानीय (ख) प्रादेशिक या क्षेत्रीय
    (ग) राष्ट्रीय (घ) अन्तर्राष्ट्रीय

20. 'नीति आयोग' का गठन हुआ – 1
    (क) 2013 में (ख) 2014 में
    (ग) 2015 में (घ) 2016 में

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

21. किन्हीं चार विकसित देशों के नाम बताइए । ½ + ½ + ½ + ½

22. आयात तथा निर्यात व्यापार में अन्तर बताइए । 1+1

23. श्रम के दो लक्षण बताइए । 1 + 1



VERTEXAL

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

24. भारत में हरित क्रान्ति की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। 1+1+1

**अथवा**

पाइपलाइन परिवहन किसे कहते हैं ? इसके दो महत्त्व बताइए।

1+1+1

25. भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तीन महत्त्व बताइए।

1+1+1

**अथवा**

भारत में आर्थिक नियोजन के कोई तीन उद्देश्य बताइए। 1+1+1

### (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

26. हिमालय पर्वत प्रदेश का भौगोलिक विवरण निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए :

(क) स्थिति एवं विस्तार

(ख) प्राकृतिक वनस्पति

(ग) व्यवसाय 2+2+2

**अथवा**

भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले तीन कारकों को बताइए। 6



27. कृषि श्रमिक से आप क्या समझते हैं ? कृषि श्रमिकों की दो प्रमुख समस्याएँ बताइए। 2+2+2

**अथवा**

भूमि का अर्थ क्या है ? इसकी दो विशेषताएँ बताइए। 2+2+2

### (मानचित्र कार्य)

**निर्देश** – दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) चण्डीगढ़ नगर ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(ii) ताप्ती नदी चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(iii) कहवा उत्पादक क्षेत्र चिह्न द्वारा। 1

(iv) चिल्का झील चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(v) लौह-इस्पात उद्योग का एक केन्द्र ▲ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

### (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) झारखण्ड राज्य की राजधानी बताइए। 1

(ii) अरब सागर में गिरने वाली दो नदियों के नाम बताइए। ½ + ½

(iii) कपास उत्पादक दो राज्यों के नाम बताइए। ½ + ½

(iv) सीमेण्ट उद्योग के दो केन्द्रों के नाम लिखिए। ½ + ½

(v) पूर्वी समुद्र तट पर स्थित दो समुद्री-पत्तनों के नाम बताइए। ½ + ½

VERTEXAL